कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

क्रं./एफ– /1/वि.वि./2024/30 भिलाई, दिनांक 10/5/24

//आदेश//

अवर सचिव, छ.ग. शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश क्रमांक 2273/1930/2024/18 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 01.04.2024 के परिपालन में न्यायालयीन वाद प्रकरणों में सचिव/संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छ.ग. शासन को प्रतिवादी क्रमांक 1 एवं 2 के पक्ष समर्थन हेतु प्रदेश के नगरीय निकायों के सहायक/संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, क्षेत्रीय कार्यालय, (संबंधित) को निकाय के वाद प्रकरणों में प्रभारी अधिकारी तथा संबंधित निकाय के आयुक्त/उपायुक्त/जोन आयुक्त को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

नगर पालिक निगम, भिलाई की ओर से मुख्य कार्यालय के न्यायालयीन वाद प्रकरणों में उपायुक्त को सहायक प्रभारी अधिकारी एवं जोन से संबंधित न्यायालयीन वाद प्रकरणों में समस्त जोन आयुक्त को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया जाता है।

सहायक प्रभारी अधिकारी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय/सक्षम न्यायालयों के वाद प्रकरणों में निर्धारित समयावधि में प्रकरण से संबंधित संक्षेपिका/नस्ती/दस्तावेज के साथ संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, क्षेत्रीय कार्यालय, दुर्ग के समक्ष यथोचित रूप से प्रस्तुत करें।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

Devesh

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

पृ.क्र./एफ– /1/वि.वि./2024/31 भिलाई, दिनांक 10/5/24

प्रतिलिपि :–

1. संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, क्षेत्रीय कार्यालय, दुर्ग (छ.ग.) को सूचनार्थ।
2. अपर आयुक्त/विधि अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
3. अधीक्षण अभियंता 1/2/3/4 एवं 5 नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
4. उपायुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
5. जोन आयुक्त, जोन क्रं. 1/2/3/4 एवं 5 नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
6. सर्व संबंधित विभाग प्रमुख..नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
7. अधीक्षक, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
8. प्रभारी सहायक विधि अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
9. प्रभारी लिपिक डाटा सेंटर, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ एवं निगम की वेबसाईट में अपलोड हेतु।

Devesh

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई